नाम ...................................

अनुक्रमाँक .................................

102 (PQ)

# यूपी बोर्ड परीक्षा - 2024

## कक्षा -12 (सामान्य हिंदी)

### केवल प्रश्नपत्र

**समय : 3 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक – 100**

---

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

(ii) इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं। दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## (खण्ड - ख)

1. (क) गद्य विधा की दृष्टि से 'वोल्गा से गंगा' है- 1

a. उपन्यास

b. कहानी

c. संस्मरण

d. आत्मकथा

(ख) गद्य विधा की दृष्टि से आत्मकथा है। 1

a. आवारा मसीहा

b. कलम का सिपाही

c. नीड़ का निर्माण फिर

d. शिखर से सागर तक

(ग) नासिकेतोपाख्यान के रचनाकार हैं- 1

a. सदल मिश्र

b. लल्लू लाल

c. मुंशी सदासुख लाल

Gyansindhu

d. राजा लक्ष्मणसिंह

(घ) हिंदी का प्रथम नाटक है- 1

a. भारत दुर्दशा

b. आने वाला कल

c. चंद्रगुप्त

d. नहुष

(ड़) राहुल सांकृत्यायन का वास्तविक नाम है- 1

a. सुदामा प्रसाद पांडे
b. वासुदेव सिंह
c. वैद्यनाथ मिश्र
d. केदारनाथ पांडे

2. (क)हिंदी साहित्य के आदिकाल के लिए बीजवपन-काल नाम दिया है- 1

a. रामचंद्र शुक्ल
b. डॉ रामकुमार वर्मा
c. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
d. डॉ मोहन अवस्थी

(ख) खालिकबारी के रचयिता हैं - 1

a. कुशल लाभ
b. भट्ट केदार
c. मलिक मोहम्मद जायसी
d. अमीर खुसरो

(ग) भवानी प्रसाद मिश्र का गीत किस सप्तक में संग्रहीत हैं- 1

a. तार सप्तक में
b. दूसरा सप्तक में
c. तीसरा सप्तक में
d. चौथा सप्तक मैं

(घ) अष्टछाप के कवियों का संबंध है भक्तिकाल की- 1

a. ज्ञानाश्रयी शाखा से
b. प्रेमाश्रयी शाखा से
c. कृष्ण भक्ति शाखा से
d. राम भक्ति शाखा से

Gyansindhu

(ड़) कितनी नावों में कितनी बार काव्य कृति है- 1

a. सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय की
b. हरिवंश राय बच्चन की
c. गिरिजाकुमार माथुर की
d. सुमित्रानंदन पंत की

3. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए 5×2=10

(क) माता अपने सब पुत्रों को समान भाव से चाहती है। इसी प्रकार पृथ्वी पर बसने वाले जन बराबर हैं। उनमें ऊंच और नीच का भाव नहीं है। जो मातृभूमि के उदय के साथ जुड़ा हुआ है, वह समान अधिकार का भागी है। पृथ्वी पर निवास करने वाले जनों का विस्तार अनंत है। नगर और जनपद, पुर और गांव, जंगल और पर्वत, नाना प्रकार के जनों से भरे हुए हैं ये जन अनेक प्रकार की भाषाएं बोलने वाले और अनेक धर्मों के मानने वाले हैं ,फिर भी यह मातृभूमि के पुत्र हैं।

i. पुत्र को समान भाव से कौन लगती है?
ii. समान अधिकार का भागी कौन है?
iii. पृथ्वी पर किस का विस्तार अनंत है?
iv. अनंत और जनपद शब्द का अर्थ लिखिए?
v. पाठ का शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिए।

अथवा

( ख ) रवीन्द्रनाथ ने इस भारतवर्ष को महामानव समुद्र कहां है। विचित्र देश है वह! असुर आए, आर्य आए, हूण आए, नाग आए, यक्ष आए, गंधर्व आए, न जाने कितनी मानव जातियां यहां आयी और आज के भारतवर्ष को बनाने में अपना हाथ लगा गई । जिसे हम हिंदू रीति नीति कहते हैं 'वह अनेक आर्य और आर्य तर उपादान ओं का अद्भुत मिश्रण है।'

i. पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।
ii. रविंद्र नाथ ने किसे महामानव समुद्र कहां है।
iii. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
iv. भारतवर्ष के निर्माण में किन-किन का सहयोग रहा है?
v. आर्य ,शक, हूण कहां आए?

3. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए 5×2=10

Gyansindhu

( क ) बस मैंने इसका बाह्य मात्र ही देखा।
दृढ़ हृदय न देखा , मृदुल गात्र ही देखा
न देखा , पूर्ण स्वार्थ ही साधा
इस कारण ही तो हाय आज यह बाधा
युग - युग तक चलती रहे कठोर कहानी
' रघुकुल में भी थी एक अभागिन रानी ' ।
निज जन्म - जन्म में सुने जीव यह मेरा
" धिक्कार ! उसे था महास्वार्थ ने घेरा " ।

i. प्रस्तुत पद्यांश में किन - किन पात्रों के बीच संवाद हो रहा है ?

ii. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii. पाठ के शीर्षक एवं रचयिता के नाम का उल्लेख कीजिए ।

iv. दृढ़ हृदय और मृदुल गात्र शब्द से किसकी ओर संकेत है ?

v. किस पात्र को महास्वार्थ ने घेर लिया था ?

अथवा

( ख ) कौन हो तुम वसंत के दूत ? 5×2=10

विरस पतझड़ में अति सुकुमार
घन तिमिर में चपला की रेख
तपन में शीतल मंद बयार
लगा कहने आगन्तुक व्यक्ति
मिटाता उत्कंठा सविशेष
दे रहा हो कोकिल सानन्द
सुमन को ज्यों मधुमय सन्देश ।

i. पाठ का शीर्षक एवं कवि का नाम लिखिए ।

ii. आगन्तुक व्यक्ति से किसकी ओर संकेत किया गया है ?

iii. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए । है ?

iv. पद्यांश में किस पात्र की उत्कंठा मिटाने की बात कही गई है ?

v. पद्यांश में किन पात्रों के बीच संवाद हो रहा है ?

5.निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए शब्द सीमा 80 शब्द। 3+2=5

a. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर
b. हजारी प्रसाद द्विवेदी
c. हरिशंकर परसाई।

6. ' ध्रुव यात्रा ' अथवा ' बहादुर ' कहानी का सारांश लिखिए| (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 5

Gyansindhu

अथवा

' पंचलाइट ' अथवा ' बहादुर कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 5

मुक्तियज्ञ ' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी का चरित्रांकन कीजिए ।

अथवा

' मुक्तियज्ञ ' खण्डकाव्य के आधार पर ' नमक आन्दोलन ' की कथावस्तु लिखिए ।

' सत्य की जीत ' खण्डकाव्य के आधार पर ' द्रोपदी ' का चरित्रांकन कीजिए ।

अथवा

' सत्य की जीत ' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

' रश्मिरथी ' खण्डकाव्य के ' सप्तम सर्ग ' की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

अथवा

' रश्मिरथी ' खण्डकाव्य के आधार पर ' कर्ण ' की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए

आलोकवृत्त ' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

अथवा

' आलोकवृत्त ' के ' तृतीय सर्ग ' की कथावस्तु लिखिए ।

' त्यागपथी ' खण्डकाव्य के नायक ' सम्राट हर्षवर्धन ' का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

अथवा

' त्यागपथी ' खण्डकाव्य के ' चतुर्थ - सर्ग ' की कथा संक्षेप में लिखिए ।

' श्रवणकुमार ' खण्डकाव्य के आधार पर ' दशरथ ' का चरित्रांकन कीजिए ।

अथवा

' श्रवणकुमार ' खण्डकाव्य के ' अभिशाप ' सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

## (खण्ड - ख)

8. ( क ) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

2+5=7

यथैवोपकरणवतां जीवनं तथैव ते जीवनं स्यात् । अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन इति । सा मैत्रेयी उवाच - येनाहं नामृता स्याम् किमहं तेन कुर्याम् । यदेव भगवान् केवलममृतत्त्वसाधनं जानाति , तदेव मे ब्रूहि । याज्ञवल्क्य उवाच - प्रिया नः सती त्वं प्रियं भाषसे । एहि , उपविश , व्याख्यास्यामि अमृतत्त्वसाधनम् ।

Gyansindhu

अथवा

बौद्धयुगे इमे सिद्धान्ताः वैयक्तिकजीवनस्य अभ्युत्थानाय प्रयुक्ता आसन् । परमद्य इमे सिद्धान्ताः राष्ट्राणां परस्परमैत्रीसहयोगकारणनि , विश्वबन्धुत्वस्य विश्वशान्तेश्च साधनानि सन्ति । राष्ट्रनायकस्य श्रीजवाहरलालनेहरूमहोदयस्य प्रधानमन्त्रित्वकाले चीनदेशेन सह भारतस्य मैत्री पञ्चशीलसिद्धान्तानधिकृत्य एवाभवत् । यतो हि उभावपि देशौ बौद्धधर्मे निष्ठावन्तौ । आधुनिके जगति पञ्चशीलसिद्धान्ताः नवीनं राजनैतिकं स्वरूपं गृहीतवन्तः ।

( ख ) दिये गये श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 2+5=7

जल - बिन्दु निपातेन क्रमशः पूर्यते घटः ।
'स हेतुः सर्वविद्यानां धर्मस्य च धनस्य च ।।

अथवा

जयन्ति ते महाभागा जन - सेवा परायणाः ।
जसमृत्युभयं नास्ति येषां कीर्तितनोः क्वचित् ।।

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

i. ईद का चाँद होना ।
ii. नाक काटना ।
iii. का वर्षा जब कृषी सुखाने ।
iv. गंगा गये गंगादास , जमुना गये जमुनादास ।

10. निम्नलिखित में से किसी एक अपठित गद्याँश अथवा पद्यांश को पढकर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) अपनी ही भाषा के अध्ययन पर विशेष जोर देने के कारण कुछ लोग समझते हैं कि मैं विदेशी भाषाएँ सीखने के विरुद्ध हूँ। मेरा यह मतलब कदापि नहीं है कि विदेशी भाषाएँ सीखनी ही नहीं चाहिए। अपनी आवश्यकता, रुचि की अनुकूलता, अध्ययन के अवसर और अन्य आवश्यक कार्यों में आवश्यक होने पर हमें एक नहीं, अनेक भाषाएँ सीखकर ज्ञान अर्जित करना चाहिए। द्वेष किसी भाषा से नहीं करना चाहिए। ज्ञान किसी भी भाषा में मिलता हो उसे ग्रहण करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। विदेशी भाषा सीखने के बारे में संकीर्ण मनोवृत्ति और संकुचित दृष्टिकोण रखने वाली जातियाँ कुएँ में मेंढक के समान अल्पज्ञ रह जाती हैं।

प्रश्न- 1. किसी भाषा से द्वेष क्यों नहीं करना चाहिए? 1
प्रश्न- 2. संकीर्ण मनोवृत्ति वालों की उपमा किससे दी है? 1
प्रश्न- 3. उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखिए। 1
प्रश्न- 4. कौन सी जातियाँ कुएँ में मेंढक के समान अल्पज्ञ रह जाती हैं? 1
Gyansindhu
प्रश्न- 5. आपके मत से विदेशी भाषा सीखनी चाहिए अथवा नहीं? 1

(ख) मनमोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है?
जिसको चरण निरन्तर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है ?
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं,
सींचा हुआ सलोना, वह देश कौन-सा है ?

जिसके बड़े रसीले, फल, कन्द, नाज, मेवे,
सब अंग में सजे हैं, वह देश कौन-सा है ?
जिसमे सुगन्ध वाले, सुन्दर प्रसून प्यारे,
दिन-रात हँस रहे हैं, वह देश कौन-सा है ?

प्रश्न -क. प्रस्तुत पद्यांश में आपके अनुसार किस देश की बात कवि कर रहा है? 1

प्रश्न -ख. कवि ने भारतवर्ष की कौन-सी विशेषताएँ बतायी हैं ? 1

प्रश्न -ग. "सींचा हुआ सलोना' से क्या तात्पर्य है ? 1

प्रश्न -घ. 'रत्नेश' का शब्दिक अर्थ क्या है ? 1

प्रश्न -ङ. भारत का मुकुट किसे कहा गया है ? 1

निम्नलिखित शब्द - युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए : 1+1=2

(क) अपेक्षा-उपेक्षा :-

a. तुला और निरादर
b. तुलना में और अवहेलना
c. तुलना और बुराई
d. चाह और बुराई

(ख) अनल - अनिल।

a. वायु और अग्नि
b. पानी और आग
c. जल और हवा
d. अग्नि और वायु

(ग) जो सामान्य नियम के विरुद्ध हो। 1+1=2

a. अपवाद
b. असामान्य
c. नियम विरुद्ध
d. अद्वितीय

Gyansindhu

( ख ) शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए : 1+1=2

a. कनक
b. कर
c. अम्बर

11. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए : 1+1=2

(क)जिसकी इच्छाएँ बहुत ऊँची हों

a. माननीय
b. अनन्त
c. महत्त्वाकांक्षी ।
d. इच्छाकु

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1+1=2

a. महादेवी वर्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवित्री थीं ।
b. महादेवी वर्मा हिंदी की प्रसिद्ध कवित्री हैं।
c. परमात्मा के अनेकों नाम हैं।
d. एक फूल की माला लाओ।
e. कृष्णा और राधा नृत्य कर रहे हैं।

12. क) वीर अथवा हास्य रस का स्थाई भाव परिभाषा अथवा उदाहरण लिखिए। 1+1=2

ख) रूपक अथवा श्लेष अलंकार का लक्षण और उदाहरण लिखिए। 1+1=2

ग) दोहा अथवा रोला छंद का लक्षण और उदाहरण लिखिए। 1+1=2

13. परीक्षा के समय बिजली कटौती न करने के लिए जिला अधिकारी को पत्र लिखिए।
2+4=6

अथवा

अपनी प्रिय पुस्तक मांगने के लिए प्रकाशक को पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा शैली में निबंध लिखिए। 2+7=9

a. जनसंख्या नियंत्रण
b. नैतिक शिक्षा का महत्व
c. खेल कूद का महत्व
d. सोशल मीडिया : अभिशाप या वरदान।

Gyansindhu